Email:samachar.indore@gmail.com, Website: www.indoresamachar.net

RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2024-2026 ***



इन्दौर समाचार के पितृपुरुष स्व. श्री सुरेश सेठजी

# इन्दौर समाचार

वर्ष 85
अंक-301
इन्दौर, बुधवार
21 जनवरी 2026
पृष्ठ 12+8
मूल्य, 5 रुपए

## कविता

### माँ चली गई



बिना अंतिम वाक्य लिखे।
चिड़िया कविता नहीं लिख पाती
यह साधारण सी पंक्तियां
पर इसके भीतर
बहुत-सा सूना समय बैठा
वह उड़ान जानती ,
पर अर्थ नहीं लिख सकती
उसके पंखों में भाषा नहीं,
सिर्फ़ दिशा होती है।
माँ थी
तो सुबह
आँगन में शब्द बिखर जाते
चावल और गेहूँ की तरह।
चिड़ियाँ
उन शब्दों को चुगती
और समझ जाती
कि यह बिखरे हुए
शब्द हैं, कविताएं नहीं,
माँ ने
मिट्टी से
एक छोटा-सा पोखर बनाया
पानी के लिए नहीं,
ठहराव के लिए।
जहाँ प्यास
थोड़ी देर रुक सके।
चिड़ियाँ
दाना चुगकर
वहीं पानी पीती थीं,
और शायद
माँ के मौन में
अपना कुछ छोड़ जाती
अब माँ नहीं
शब्दों का दाना
किसी और भाषा में
बह गया है।
पोखर सूख चुका
क्योंकि किसी ने
उससे बात करना छोड़ दिया ।
चिड़िया पूछ नहीं सकती
कहाँ गया वह आँगन
जो आसमान से जुड़ा ,
कहाँ गए खेत
जो साँस लेते थे,
नाले, नदियाँ, झरने
जो केवल पानी नहीं ,
रास्ते थे।
अब चिड़िया
एक खाली प्रश्न बन गई ।
हर शाम
वह माँ के बंद कमरे में आती
जैसे स्मृति
दरवाज़ा खटखटाती हो।
थोड़ी देर
दीवारों को देखती है,
खिड़की से
उजाले की कमी मापती ,
और लौट जाती ।
वह अपनी करुणा
किसी भाषा में नहीं ढाल पाती,
क्योंकि दुख
हमेशा अनुवाद नहीं चाहता।
वह आती
दाना ढूँढने नहीं,
पानी खोजने नही
आने भर के लिए।
एक दिन
वह भी नहीं आएगी।
जैसे माँ
अचानक चली गई
बिना अंतिम वाक्य लिखे।
चिड़िया भी
बिना कविता लिखे चली जाएगी।
क्योंकि कुछ जीवन
कविता नहीं होते,
वे केवल शब्द
रह जाते हैं।



संजीव ठाकुर, रायपुर
छत्तीसगढ़

---

धार भोजशाला में गूँजे जयकारे

# बसंत पंचमी से पहले सत्याग्रह में उमड़ा जनसैलाब

## अखंड पूजा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 22 जनवरी को अहम सुनवाई

**धार।** ऐतिहासिक भोजशाला में मंगलवार को नियमित सत्याग्रह के हुआ ।आगामी बसंत पंचमी उत्सव के नजदीक होने के कारण इस बार सत्याग्रह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हवन, पूजन और सुंदरकांड के पाठ के साथ ही परिसर 'जय श्री राम' और 'माँ वाग्देवी की जय' के उद्घोष गुंजे।



मंगलवार सुबह से ही हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में भोजशाला पहुँचना शुरू हो गए थे। पूजन के पश्चात सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। सत्याग्रहियों ने भोजशाला की मुक्ति और माँ वाग्देवी की प्रतिमा की पुनर्स्थापना का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, बलाई महासंघ के मनोज परमार सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट में 22 जनवरी को अहम सुनवाई

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा बसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्बाध पूजा अर्चना की अनुमति हेतु दी गई याचिका को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अदालत इस मामले में 22 जनवरी गुरुवार को अगली सुनवाई करेगी। इस सुनवाई पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि इसी से तय होगा कि बसंत पंचमी के दिन भोजशाला में पूजा की व्यवस्था क्या रहेगी।

### बसंत पंचमी के अवसर पर मदिरा के क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किया

कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24(1) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक-47 की तिथि 14 फरवरी 2025 की कंडिका- 48 (1) में उल्लेखित प्रावधान के अंतर्गत प्राप्त अधिकार के अध्यधीन कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 (दिन शुक्रवार) को होने से धार नगर (धार नगर पालिका क्षेत्र) एवं इसकी सीमा से लगी ग्राम पंचायत जेतपुरा की सीमा में आने वाली समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा रिटेल वाईन आऊटलेट धार के लायसेसों को 22 जनवरी 2026 दिन गुरुवार की सांय 07.00 बजे से 23 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को रात्रि 11.30 बजे तक लोकहित में बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया गया है तथा उपरोक्त अवधि में मदिरा के क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किया जाता है।

### प्रशासन के सामने सुरक्षा की चुनौती

23 जनवरी को बसंत पंचमी का पर्व है और इसी दिन शुक्रवार जुम्मा होने के कारण नमाज और पूजा के समय को लेकर प्रशासन के सामने कड़ी चुनौती है। सुरक्षा की दृष्टि से वर्तमान में भी भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। भोजशाला मुक्ति समिति ने हिंदू समाज से 23 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया है।

---

# मुंबई मेयर के लिए जादुई आंकड़े 114 से महज 6 कदम दूर हैं हम

### बीएमसी के सिंहासन पर कब्जा करने शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने फोड़ा बम

**मुंबई (एजेंसी)।** देश की सबसे अमीर मुंबई महानगरपालिका बीएमसी के सिंहासन पर कब्जा करने के लिए खेल अब तीखा और पेंचीदा हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने एक ऐसा बम फोड़ा है, जिसने महायुति के खेमे में खलबली मचा दी है। राउत ने दावा किया कि वे बहुमत के जादुई आंकड़े 114 से महज 6 कदम दूर हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर ये 6 कदम कहां से पूरे होंगे? संजय राउत जब कहते हैं कि उनके पास 108 का आंकड़ा है जिसमें उद्धव गुट (65), कांग्रेस (24), शरद पवार की एनसीपी और अन्य छोटे दलों को मिलाकर भी यह आंकड़ा 108 तक नहीं पहुंचता। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी पर्दे के पीछे से उद्धव ठाकरे को समर्थन देने को तैयार है? सियासी गलियारों में चर्चा है कि क्या बीजेपी को रोकने के लिए उद्धव अब ओवैसी के साथ जाने का जोखिम उठाएंगे? अगर 108 के आंकड़े में मुस्लिम बहुल सीटों वाले पार्षद शामिल होते हैं, तो इसका मतलब साफ है, बीजेपी को सत्ता से बाहर रखने के लिए विपक्षी गठबंधन किसी भी हद तक जाने को तैयार है। राउत ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर बड़ा प्रहार करते हुए कहा कि शिंदे अपने ही पार्षदों से डरे हुए हैं। राउत के मुताबिक शिंदे सेना के पार्षदों को बांद्रा और कल्याण-डोंबिवली के तीन अलग-अलग होटलों में नजरबंद किया गया है। राउत का दावा है कि जो शिंदे कल तक ईडी के डर से उद्धव का साथ छोड़ गए थे, आज उन्हें डर है कि उनके पार्षद पाला बदल लेंगे। राउत ने कहा कि हमारे (यूबीटी) पार्षद खुलेआम घूम रहे हैं।



---

पीएम मोदी पावर को केंद्रित रखना और

# गरीबों को भूखे मरते देखना चाहते हैं : राहुल

## रायबरेली में राहुल गांधी ने सरकार पर मरनेगा को कमजोर करने का लगाया आरोप

**रायबरेली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां पार्टी द्वारा आयोजित मनरेगा चौपाल में हिस्सा लिया और केंद्र की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने सरकार पर मनरेगा की मूल भावना को कमजोर करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने रोहनिया ब्लॉक के ऊंचाहार क्षेत्र में मनरेगा बचाओ चौपाल की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीणों और श्रमिकों से संवाद किया। राहुल ने कहा कि मनरेगा का जो कॉन्सेप्ट बना, उसके पीछे दो मुख्य लक्ष्य थे। पहला- सरकार की नीति के तहत ग्राम पंचायतों जैसी लोकल गवर्नमेंट को थोड़ी जिम्मेदारी देनी चाहिए और उन्हें फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी दी जाए। वहीं दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के गरीब लोग, खासकर कम उम्र के लोग, उनके लिए एक न्यूनतम वेतन बने जिससे उनका लाभ हो, लेकिन नरेंद्र मोदी ये नहीं चाहते। वह पावर को केंद्रित रखना चाहते हैं और गरीबों को भूखे मरते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मामला सिर्फ नाम बदलने का नहीं है। राष्ट्रपति महात्मा गांधी का अपमान किया गया है, लेकिन उससे भी बड़ी बात है कि हमारे गरीब जनता का जो प्रोटेक्शन था, वह हटा दिया गया है। जो डेमोक्रेटिक जड़ है, एक प्रकार से उसको काटा गया है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने का आंदोलन चला रही है जो मजदूरों की मजदूरी और उनके प्रोटेक्शन के लिए है।

---

# चांदी पहली बार 3 लाख के पार

## 1 महीने में 2 लाख से 3 लाख हुई कीमत

**नई दिल्ली।** कल की बड़ी खबर चांदी से जुड़ी रही। चांदी के दाम 19 जनवरी को MCX पर 3.02 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। इसमें 15 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी आई है। शुक्रवार को चांदी 2.87 लाख के करीब थी। MCX पर 15 दिसंबर 2025 के आसपास चांदी पहली बार 2 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 2 लाख से 3 लाख रुपए तक पहुंचने में सिर्फ 1 महीने का समय लगा। वहीं इसे 1 से 2 लाख तक पहुंचने में 9 महीने, जबकि 50 हजार से 1 लाख तक पहुंचने में 14 साल लगे थे। 1.चांदी पहली बार 3 लाख के पार, हजार बढ़ी:1 महीने में 2 लाख से 3 लाख हुई कीमत; 2026 में 4 लाख तक जा सकते हैं दाम चांदी के दाम आज 19 जनवरी को MCX पर 3.02 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। इसमें 15 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी आई है। शुक्रवार को चांदी 2.87 लाख के करीब थी। MCX पर 15 दिसंबर 2025 के आसपास चांदी पहली बार 2 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 2 लाख से 3 लाख रुपए तक पहुंचने में सिर्फ 1 महीने का समय लगा।


---

सबरीमाला चोरी कांड :

# ईडी ने 3 राज्यों में 21 ठिकानों पर की छापेमारी

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज मंगलवार को सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने की चोरी के मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में एक साथ बड़ी कार्रवाई की है।

कथित मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से की जा रही इस जांच के तहत तीनों राज्यों में कुल 21 स्थानों पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब केरल उच्च न्यायालय की देखरेख में गठित एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) पहले से ही इस मामले की आपराधिक जांच कर रही है।इस हाई-प्रोफाइल मामले में एसआईटी अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जो वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी की ताजा छापेमारी का मुख्य उद्देश्य अपराध से अर्जित धन के लेन-देन और संपत्ति छिपाने के सुराग ढूंढना है। जांच एजेंसी ने इस संबंध में एक एनफोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मंगलवार सुबह शुरू हुई इस तलाशी अभियान के केंद्र में मुख्य आरोपी और उनसे जुड़े संदिग्ध रहे।



ईडी के अधिकारियों ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी, सीपीआई(एम) नेता मुरारी बाबू, ए पद्मकुमार और एन वासु के ठिकानों पर सघन तलाशी ली।

इसके अलावा, जांच की आंच अन्य राज्यों तक भी पहुँची, जहाँ बेल्लारी के स्वर्ण व्यापारी गोवर्धन और चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशंस के सीईओ पंकज भंडारी से जुड़े परिसरों को खंगाला गया। इन पर मंदिर की स्वर्ण प्लेटों को पिघलाने और अवैध रूप से ठिकाने लगाने में मदद करने का गंभीर आरोप है। राजधानी तिरुवनंतपुरम में स्थित त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के मुख्यालय में भी ईडी की टीमों ने दस्तावेजों की जांच की।

---

# भाजपा के नबीन राष्ट्रीय अध्यक्ष की हुई ताजपोशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारतीय जनता पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल गया है। वरिष्ठ नेता नितिन नबीन ने औपचारिक रूप से पार्टी की कमान संभाल ली है। भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की घोषणा की। इसके साथ ही नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी रही। नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा, कि भाजपा का संगठनात्मक सफर प्रेरणादायक रहा है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, कि मैं एक कार्यकर्ता हूं और नितिन नबीन अब मेरे 'बॉस' हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने शून्य से शुरू कर शिखर तक की यात्रा तय की है। आज पार्टी नए दौर में प्रवेश कर रही है और मुझे विश्वास है कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा नए शिखर की ओर आगे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'नवीन अध्यक्ष' बताते हुए उनके अनुभव, ऊर्जा और संगठनात्मक क्षमता की सराहना की।



---

# कर्नाटक में डीजीपी का महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो वायरल

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को डीजीपी रैंक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद की गई, जिसमें डीजीपी राव को अपने सरकारी दफ्तर में अलग-अलग महिलाओं के साथ निजी और आपत्तिजनक व्यवहार करते हुए देखा गया। इस मामले को लेकर राज्य में भारी विवाद और नाराजगी फैल गई थी। मामला सीएम सिद्धारमैया तक पहुंचा, जिन्होंने सोमवार को संबंधित विभाग से पूरी जानकारी ली। वीडियो देखने के बाद सीएम काफी नाराज बताए जा रहे हैं। इसके अगले ही दिन सरकार ने रामचंद्र राव को सस्पेंड करने का फैसला लिया। सूत्रों के मुताबिक सीएम ने सवाल उठाया कि पुलिस विभाग जैसे संवेदनशील संस्थान के अंदर इस तरह की घटना कैसे हो सकती है। इस पूरे मामले ने राज्य की राजनीति में भी हलचल मचा दी है। विपक्षी दल लगातार सरकार पर दबाव बना रहे थे कि क्या इस मामले में जांच और सख्त कार्रवाई होगी या नहीं। सामने आए वीडियो में रामचंद्र राव जो डीजीपी रैंक के अधिकारी हैं और जिनकी बेटी रान्या राव सोना तस्करी मामले में आरोपी हैं।

